न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना जिला बालोतरा

पीठासीन अधिकारीः– सुरेन्द्र सिंह खंगारोत आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या :–145 / 2025

प्रार्थीः–

प्रेमसिह पुत्र जयसिंह जाति राजपूत निवासी दरबला तहसील सिवाना जिला बालोतरा (राज.)

बनाम

विप्रार्थीः–

1. राजस्थान राज्य जरिये भूमिधारक तहसीलदार सिवाना जिला बालोतरा
2. शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा सिवाना तहसील सिवाना जिला बालोतरा (राज.)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 रा.भू.रा.अधिनियम हेतु दुरूस्ती

उपस्थित :–

श्री किशोरीलाल सोनी व आयुष सोनी अधिवक्ता प्रार्थी

–:: आदेश ::–

दिनांक :– 12.02.2026

प्रार्थी द्वारा उक्त आवेदन पत्र रा.भू.रा.अ. की धारा 136 के तहत पेश किया गया है, संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी की भूमि खसरा संख्या 137, 138, 133 व 135 रकबा क्रमशः 0.0018, 9.5049, 5.7676 व 4.2783 हैक्टेयर भूमि ग्राम दरबला तहसील सिवाना तथा खसरा संख्या 27, 28, 89 व 90 रकबा क्रमशः 0.4763, 0.5132, 2.3656 व 2.1968 हैक्टेयर भूमि ग्राम कुम्हारों की ढाणी तहसील सिवाना में अवस्थित है उक्त भूमियों में प्रार्थी का नाम "पेमसिंह पुत्र जयसिंह" दर्ज कर दिया, जबकि प्रार्थी के समस्त सरकारी व गैर सरकारी दस्तावेजात यथा मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड व जनआधार कार्ड व पेन कार्ड में प्रार्थी का वास्तविक नाम "प्रेमसिंह पुत्र जयसिंह" दर्ज है इस प्रकार प्रार्थी का नाम का अशुद्ध अंकित होने से प्रार्थी अपनी भूमि के विकास हेतु सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है। अतः प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दुरूस्त करवाने हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर [illegible] की तलबी की गई। तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रार्थी के वास्तविक नाम के सम्बन्ध में तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की गई। प्रार्थी ने अपने आवेदन पत्र के समर्थन में मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड व जनआधार कार्ड व पेन कार्ड आदि प्रस्तुत किये ।

प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी ।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा) सत्यमेव जयते

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2026.05.20 13:42:22 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थी अधिवक्ता की बहस है कि प्रार्थी का वास्तविक नाम ''प्रेमसिंह पुत्र जयसिंह'' है, किन्तु राजस्व कर्मचारियों द्वारा विवादित भूमि खसरा संख्या 137, 138, 133 व 135 रकबा क्रमशः 0.0018, 9.5049, 5.7676 व 4.2783 हैक्टेयर भूमि ग्राम दरबला तहसील सिवाना तथा खसरा संख्या 27, 28, 89 व 90 रकबा क्रमशः 0.4763, 0.5132, 2.3656 व 2.1968 हैक्टेयर भूमि ग्राम कुम्हारों की ढाणी तहसील सिवाना में प्रार्थी का नाम ''पेमसिंह पुत्र जयसिंह'' त्रुटिवश लिख दिया जाने से राजस्व रिकार्ड में भी इसी अनुसार अशुद्ध प्रविष्टि अंकित हो गयी। इस प्रकार दस्तावेजात एवं राजस्व रिकार्ड में विभिन्नता होने से प्रार्थी अपनी भूमि के स्वतंत्र विकास हेतु सरकारी संस्थाओं से ऋण अनुदान आदि सुविधाएं प्राप्त नहीं कर पा रहा है। अतः प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में अपना शुद्ध व सही नाम दर्ज करवाने का अधिकारी है।

हमने प्रार्थी के अधिवक्ता की बहस पर मनन तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्य एवं तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया। प्रार्थी के मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड व जनआधार कार्ड व पेन कार्ड आदि दस्तावेजात में प्रार्थी का नाम ''प्रेमसिंह पुत्र जयसिंह'' दर्ज है, किन्तु विवादित भूमियों में प्रार्थी का नाम ''पेमसिंह पुत्र जयसिह'' करने से राजस्व रिकार्ड में अशुद्ध प्रविष्टि अंकित हो गयी। तहसीलदार सिवाना द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से भी प्रार्थी का वास्तविक नाम ''प्रेमसिंह पुत्र जयसिंह'' होने की पुष्टि होती है। ऐसी सूरत में प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

लिहाजा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर खसरा संख्या 137, 138, 133 व 135 रकबा क्रमशः 0.0018, 9.5049, 5.7676 व 4.2783 हैक्टेयर भूमि ग्राम दरबला तहसील सिवाना तथा खसरा संख्या 27, 28, 89 व 90 रकबा क्रमशः 0.4763, 0.5132, 2.3656 व 2.1968 हैक्टेयर भूमि ग्राम कुम्हारों की ढाणी तहसील सिवाना के राजस्व रिकार्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम ''पेमसिंह पुत्र जयसिंह'' के स्थान पर ''प्रेमसिंह पुत्र जयसिंह'' दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार सिवाना को तद्नुसार दुरूस्ती सुनिश्चित किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है।

आदेश आज दिनांक 12.02.2026 को सरे इजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2026.05.20 13:42:22 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

(सुरेन्द्र सिंह खंगारोत)
उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)